आवेदन कैसे करें – ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

(1) अभ्यर्थियों के मोबाइल नंबर उनके आधार के साथ जुड़े होने चाहिए, क्योंकि उनका सत्यापन वन टाईम पासवर्ड के उपयोग द्वारा किया जाएगा।

(2) उम्मीदवार को, परीक्षा के दिन सत्यापन के लिए ई–आधार और ऑफलाइन आधार एक्सएमएल फाइल डाउनलोड करने से पूर्व, अपने नवीनतम फोटो को आधार में अपडेट करा लेना चाहिए।

(3) उम्मीदवार को सत्यापन के प्रयोजनार्थ https://eaadhaar.uidai.gov.in से डाउनलोड किए गए ई–आधार की नवीनतम प्रति और नवीनतम फोटोग्राफ वाला आधार पत्र एवं प्रवेश पत्र अपने साथ लाना होगा। प्रवेश पत्र की अनुपलब्धता में या ई–आधार/आधार पत्र पर छपे फोटोग्राफ और उपस्थित उम्मीदवार से मिलान न होने की स्थिति में, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

(4) दिए गए लिंक https://resident.uidai.gov.in/offlineaadhaar से "ऑफलाइन आधार एक्सएमएल फ़ाइल" डाउनलोड करें और अपनी पसंद का "शेयर कोड" चुनें।

(5) निम्नलिखित लिंक पर ऑफलाइन आधार एक्सएमएल फाइल को अपलोड करने तथा शेयर कोड, वर्चुअल आईडी और आधार के अनुसार मोबाइल नंबर प्रदान करने के द्वारा "नया उपयोगकर्ता" का सृजन करें - https://uidai.nseitexams.com/UIDAI/LoginAction.action.

(6) ऑफलाइन आधार एक्सएमएल फाइल के सफलतापूर्वक सत्यापन और अभ्यर्थी द्वारा आधार के अनुसार पंजीकृत मोबाइल का नंबर दर्ज करने के उपरांत, अभ्यर्थी के मोबाइल नंबर पर एक "ओटीपी", उनके पंजीकरण की पुष्टि और अभ्यर्थी की ऑफलाइन सूचना के उपयोग हेतु एनएसईआईटी लिमिटेड को अपनी सहमति प्रदान करने के लिए भेजा जाएगा।

(7) पंजीकरण आईडी और डिफॉल्ट पासवर्ड को अभ्यर्थी के मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी पर भेजा जाएगा। डिफॉल्ट पासवर्ड को पहली बार लॉगिन करने के दौरान परिवर्तित किया जाना है। अभ्यर्थियों को प्रमाणन परीक्षा में उपस्थित होने और एनएसईआईटी पंजीकरण पोर्टल पर अपना ब्योरा देखने के लिए अपनी पंजीकरण आईडी और नये पासवर्ड को ध्यान में रखना होगा।

(8) पंजीकरण आईडी और नये पासवर्ड के उपयोग द्वारा लॉगिन करने के उपरांत, अभ्यर्थी आवेदन फार्म में पहले से भरी गयी अपनी "ऑफलाइन आधार जानकारी" को देख सकेंगे। अभ्यर्थी को अपनी शैक्षिक योग्यताओं, प्रमाणन कार्य, पसंदीदा परीक्षा केंद्र, नामांकन एजेंसी कोड का चयन करना होगा तथा आवेदन फार्म जमा करना होगा।

(9) आवेदन फार्म के जमा करने के उपरांत, अभ्यर्थी को ''भुगतान टैब'', जिसमें निम्नलिखित दो विकल्प होंगे, पर क्लिक करना होगा –

ऑनलाइन भुगतान (नये उपयोगकर्ता के लिए लागू)

पहले से प्रदत्त (ऐसे अभ्यर्थियों के लिए लागू, जिन्होंने पूर्व में शुल्क अदा कर दिया, किंतु उनके भुगतान की वैधता अर्थात् 180 दिनों तथा किसी नामांकन एजेंसी/रजिस्ट्रार द्वारा सभी वैध ऑनलाइन बल्क भुगतान तक उनकी परीक्षा निर्धारित नहीं हुई है)

(10) भुगतान के सफलतापूर्वक स्वीकार किए जाने पर, अभ्यर्थी को वास्तविक प्रमाणन परीक्षा को समझने और उसका अनुभव करने के लिए ''मॉक परीक्षा'' देनी चाहिए। सीट बुकिंग पृष्ठ भी सक्रिय हो जाएगा, जिसमें अभ्यर्थी अपना परीक्षा केंद्र और परीक्षा स्लॉट बुक कर सकते हैं तथा अपनी बुकिंग की पुष्टि कर सकते हैं।

(11) प्रवेश पत्र में, परीक्षा केंद्र, परीक्षा का समय, परीक्षा केंद्र का पता, महत्वपूर्ण प्वाइंट और भुगतान ब्योरा जैसे सभी विवरण होंगे, जिनसे अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा। सत्यापन के प्रयोजनार्थ, अभ्यर्थी को परीक्षा के दिन 'ई–आधार' की इस नवीनतम प्रति/प्रिंटआऊट को प्रवेश पत्र के साथ लानी चाहिए।

(12) वापसी की कोई नीति नहीं - एक बार भुगतान की गयी राशि को वापस नहीं किया जाएगा। भुगतान में किसी विफलता के मामले में, वापसी या नवीन भुगतान के संबंध में कृपया uidai_admin@nseit.com को लिखें।

(13) शुल्क की वैधता - प्रमाणन शुल्क, भुगतान करने की तिथि से 180 दिनों की अवधि तक वैध है।

(14) ऑनलाइन शुल्क भुगतान के 15 दिनों के उपरांत पसंदीदा परीक्षा केंद्र में स्लॉट उपलब्ध न होने की स्थिति में, अभ्यर्थी को स्लॉट में बढ़ोतरी एवं आबंटन के लिए अपनी पंजीकरण आईडी के साथ uidai_admin@nseit.com को एक ईमेल भेजनी चाहिए या (https://uidai.gov.in/contact-support/contact-directory/uidai-headquarter/training,-testing-certification-division.html) पर प्रशिक्षण, परीक्षण एवं प्रमाणीकरण प्रभाग, यूआईडीएआई मुख्यालय से संपर्क करना चाहिए।

(15) बल्क ऑनलाइन भुगतान, बल्क ऑनलाइन पंजीकरण और बल्क ऑनलाइन कार्यक्रम–निर्धारण के लिए, अनुरोधकर्ता एजेंसी/रजिस्ट्रार द्वारा (https://uidai.gov.in/contact-support/contact-directory/uidai-headquarter/training,-testing-certification-division.html) पर प्रशिक्षण, परीक्षण एवं प्रमाणीकरण प्रभाग, यूआईडीएआई मुख्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

(16) किसी अन्य प्रश्न के लिए, अभ्यर्थी नीचे दिए गए संपर्क नंबर 022-42706500 पर प्रातः 9:30 से सायं सायं 6:00 बजे तक (सोमवार से शनिवार) संपर्क कर सकते हैं अथवा

uidai_admin@nseit.com को लिख सकते हैं।